चोरी दिन दहाड़े घटित घटना के 24 घंटे बाद भी लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई पुलिस

चौपहिया वाहन में आए लुटेरों ने युवक के साथ मारपीट कर उसकी बाइक लूटकर हुए फरार

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,18मार्च,नगर के ड्रायटेक कंपनी में काम करने के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहे युवक को ग्राम तिगांव के पास चौपहिया वाहन से आए लूटेरों ने बूरी तरह मारपीट कर इस युवक की बाइक छिनकर भाग गए,पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसी टीव्हीं कैमरों की मदद से इन लूटेरों की तलाश में जूट गई है,लेकिन 24 घंटे बाद भी पुलिस इनका सुराग नहीं लगा पाई है।

नगरीय सीमा से लगे ग्राम तिगांव निवासी ओमकार पिता रामचंद्र सोने 55 ने बताया कि प्रतिदिन की तरह ही मंगलवार को पांढुरना नगर की ड्रायटेक कंपनी में काम करने के बाद वह दोपहर लगभग दो बजे अपनी बाइक क्रंमाक एम पी 28 एमएम 1018 से गांव लौट रहा था,इसी दौरान उन्होंने ग्राम तिगांव के किनकर पेट्रोल पंप से अपनी बाइक में पेट्रोल भर ग्राम के आंतरिक सडक़ से होते हुए घर जा रहे थे,इसी

समय पिछे से आ रहीं एक सफेद कलर के गामा वाहन से आए कुछ युवकों ने ओमकार सोने के साथ बूरी तरह मारपीट की इससे पहले ही यह कुछ समझ पाते इन लूटेरों ने इस युवक की बाइक छिंनकर तेज गति से भाग गए।

पीड़ित युवक ने तुरंत ही नगर मुख्यालय के पुलिस थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई,पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुंचकर किनकर पेट्रोल पम्प के साथ ही आसपास लगे सीसी कैमरे में कैद हुई इस चौपहिया वाहन की निशानदेही पर बाइक लुटकर फरार होने वाले युवकों की तलाश में जूट गई है,लेकिन घटना को 24 घंटे से भी अधिक का समय बीतने के बाद भी अब तक पुलिस इन युवकों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

नगर के सांईधाम कांलोनी में 21 फरवरी की रात हुई डकैती की घटना से नगर के साथ ही पूरे क्षेत्र में दहशत बनी हुई है,वहीं अब दिन दहाड़े ग्राम तिगांव की मुख्य सडक़ पर ओमकार सोने के साथ लूटेरों द्वारा बूरी तरह मारपीट कर उसकी बाइक लूटकर फरार होने की घटना से लोग अपने जान माल की सुरक्षा को लेकर भयभीत है।

भक्तिभाव तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा श्री स्वामी समर्थ महाराज का प्रगट उत्सव



नव भारत न्यूज पांढुरना,18 मार्च, नगर के राजीव गांधी मार्केट के पास स्थित संकट मोचन हनुमान मन्दिर मे स्थित श्री स्वामी समर्थ महाराज मंदिर में श्री स्वामी समर्थ महाराज प्रगट दिन के पावन अवसर पर शुक्रवार दिनांक 20 मार्च 2026 को भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा विशेष पूजा-अर्चना की तैयारियां की जा रही हैं।आयोजन समिति के प्रवक्ता द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 20 मार्च की संध्या 6 बजे से आरती-पूजन प्रारंभ होगा जो प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा इस दौरान श्रद्धालु भक्तजन आरती में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे इसके पश्चात सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी वितरण की व्यवस्था भी की गई है यह आयोजन राजीव गांधी मार्केट भोपाल रोड पांढुर्णा स्थित मंदिर परिसर में संपन्न होगा नगर के सभी क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है जिसे देखते हुए आयोजन समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। आयोजक हर्षद केवटे ने सभी श्रद्धालु भक्तों से विनम्र निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आरती-पूजन में भाग लें तथा महाप्रसादी ग्रहण कर इस पावन अवसर का लाभ उठाने की अपील की हैं ।

मोमेंटम सौसर के छात्र ने स्कॉलरशिप परीक्षा में मारी बाजी

नवभारत न्यूज़
सौंसर 18 मार्च .मोमेंटम ब्रांच सौसर के छात्र मीत दुफारे का राष्ट्रीय मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप (NMMS) परीक्षा में चयन हुआ द्य एनएमएमएस परीक्षा में छात्र को कक्षा 9 से 12 वी तक प्रति वर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी । मोमेंटम सौसर द्वारा NMMS परीक्षा की तैयारी हेतु पात्र छात्रों को परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शित किया गया है छात्र की इस उपलब्धि पर मोमेंटम सौसर के डायरेक्टर विक्रम घाटोड़, समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ ने अत्याधिक हर्ष व्यक्त किया है।
क्योंकि मोमेंटम सौसर के लिए हर बच्चा है खास
मोमेंटम सौसर वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावकों की पहली पसंद बनते जा रहा है । बच्चो के उज्जवल भविष्य के लिए कम फीस में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर उनके भविष्य की नींव स्थापित करने का काम मोमेंटम बखूबी कर रहा है जो बच्चे मोमेंटम में आईआईटी जेईई, नीट, एमबीबीएस, एनडीए, CA ,CS फाउंडेशन, CMA, ACCA, बोर्ड - vvth, vwth, एवं 6th,7th,8th, 9th एवं 10th आदि परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है , मोमेंटम उनके सपनों को पूरा करने के लिए पूर्णत: प्रयासरत और संकल्पित है ।

पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की भेंट, मोहगांव में कृषि अनुसंधान केंद्र की मांग दोहराई

नवभारत न्यूज़
सौसर 18 मार्च, क्षेत्र के विकास और किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पांढुरना जिले के मोहगांव में कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना मांग की ओर ध्यानाकर्षण कराया और फसल बीमा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

कृषि अनुसंधान केंद्र पर जोर
भेंट के दौरान नानाभाऊ मोहोड़ ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान मोहगांव जिला पांढुरना की ओर आकर्षित करते हुए वहां कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना के क्रियान्वयन में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को आधुनिक तकनीक और उन्नत बीजों का लाभ मिल सकेगा, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। भेट के दौरान वरिष्ठ पत्रकार, तहसील प्रेस क्लब अध्यक्ष पुरुषोत्तम पोतरे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

फसल बीमा और किसान हित

चर्चा के दौरान मोहोड़ ने कृषि बीमा की वर्तमान स्थिति और किसानों को मिलने वाले लाभों पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने मांग की कि बीमा प्रक्रियाओं को और अधिक सरल और किसान हितैषी बनाया जाए ताकि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसानों को समय पर राहत मिल सके।

स्वामी रामभद्राचार्य जी की कथा के लिए आमंत्रण
राजनीतिक और क्षेत्रीय विषयों के साथ-साथ मोहोड़ ने आध्यात्मिक आयोजन पर भी चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आगामी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज की संगीतमय श्रीराम कथा में सम्मिलित होने के लिए भावभीना आमंत्रण दिया।

कलेक्टर द्वारा समय-सीमा की बैठक में विभागीय समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

नव भारत न्यूज
पांढुरना,18 मार्च,कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री वशिष्ठ की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाएं। बैठक में कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पांढुर्णा में पेयजल आपूर्ति कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (क्ला॥श्व) विभाग को निर्देशित किया। इसके साथ ही बग्गू बिच्छू क्षेत्र में रेत उत्खनन संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए खनिज अधिकारी महेश नगपूरे को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।
कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत सभी पात्र वयस्क हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। साथ ही लाडली बहना योजना के अंतर्गत लाभ से वंचित

हितग्राहियों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए।
महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत डी-लिंक एवं डिलीट प्रकरणों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत डी-ग्रेड में आने वाले विभागों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि समय-सीमा में लंबित प्रकरणों का निराकरण कर विभागीय प्रदर्शन में सुधार लाया जाए और आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।
संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। साथ ही जल संचय एवं जनभागीदारी अभियान को प्रभावी एवं जन-केंद्रित बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।
बैठक में विभिन्न विभागों के अंतर्गत भूमि पूजन एवं लोकार्पण से संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त कर उनकी प्रगति की समीक्षा की गई। जामसांवली कार्यक्रम के अंतर्गत संबंधित एसडीएम सौंसर सिद्धार्थ पटेल को निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके कार्यभार एवं दायित्व स्पष्ट रूप से निर्धारित कर सौंपे जाएं, ताकि कार्यक्रम का सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके।
कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सभी विभागों को विभागवार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिन विभागों द्वारा जानकारी प्रस्तुत नहीं की जा सकी, उन्हें शीघ्र जानकारी उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया, ताकि प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों की गति को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा एवं सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम श्रीमती अलका, डिप्टी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और सुश्री प्रेक्षा पाठक, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी, तहसीलदार पांढुर्णा विनय प्रकाश ठाकुर सहित सभी संबंधित विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

मोर्शी मे संत्रा किसानों के लिए मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला की जानकारी लीं गई

नवभारत न्यूज़ पिपलानारायणवार 18 मार्च .सोशल फार्मा प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा संतरा उत्पादन पर अधिक जोर दिया जा रहा है 15 दिवसीय संतरा महोत्सव आयोजित किया गया था उसके पश्चात किसानों से संतरा विशेषज्ञ के संवाद कर जा रहा है कल अजय चौरे पूर्व विधायक सौसर के साथ दिनेश लाड़से एवं गाजनन कोचे एवं अन्य लोगो द्वारा किसान कंसल्टेंसी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला मोर्शी का निरीक्षण किया जिसे गौरव तायवाड़े द्वारा सफलता पूर्वक संचालित किया जा रहा है! जो मिट्टी की 12 प्रकार की जांच कर रिपोर्ट देते है . खेत से मिट्टी जमा करने की विधि की जानकारी भी देते है ।आगामी 29 मार्च दिन रविवार को सौसर मे कृषि चर्चा सत्र श्याम 5 बजे से आयोजित किया जायेगा, वे उपस्थित रहेंगे आप सभी संतरा उत्पादक किसान सादर आमंत्रित है।

नवीन शिक्षण सत्र के पहले किया जाएगा जिले के जीर्णशीर्ण शासकीय स्कूलों का जीर्णोद्धार

कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,18 मार्च, नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पहले जिले के जीर्णशीर्ण हो चुके शासकीय स्कूलों का जीर्णोद्धार कराने को लेकर कलेक्टर नीरज वशिष्ठ द्वारा समीक्षा कर ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर उनके सुधार कराने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में विशेषकर आगामी सत्र में स्कूलों के प्रारंभ होने से पहले छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जीर्णशीर्ण हो चुके स्कूलों की मरम्मत करने के कार्य पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों से ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर इन स्कूलों के सुधार कार्य हेतु अनुमानित लागत,तकनीकी समस्याओं एवं

आवश्यक संसाधनों की विस्तार से जानकारी भी ली,कलेक्टर द्वारा विद्यालयों की दीवारों ,छत की वर्तमान स्थिति इनकी मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया साथ ही उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक विद्यालय में किन किन कार्यों की आवश्यकता है तथा उन पर आने वाली लागत कितनी होंगी इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने इस मरम्मत कार्य में किचन शेड,विद्यालय की छत तथा शौचालय के सुधार कार्य को प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए ।

इस अवधी में पूर्ण करे जीर्णोद्धार का कार्य
जिला कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा ऐसे चिड्क्षहत स्कूलों के जीर्णोद्धार का कार्य आगामी 15 अप्रैल से प्रारंभ कर वर्षा ऋतु के पूर्व संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए है। जिससे छात्रों को स्कूलों में सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके ।

पालीवाल ब्राम्हण समाज संगठन में नरेन्द्र बने अध्यक्ष

नवभारत न्यूज़ सौंसर 18 मार्च.विगत दिवस बाल हनुमान मंदिर परिसर बेलगांव में पालीवाल ब्राम्हण समाज संगठन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। पालीवाल ब्राम्हण समाज के संगठन को मजबूत और सक्रिय बनोन के उद्येष्य से आयोजित बैठक में नरेन्द्र पालीवाल(नाना) अध्यक्ष, अनिल पालीवाल एवं सरला देवी पुरूषोत्तम पालीवाल उपाध्यक्ष सुनील पालीवाल सचिव, पुरूषोत्तम पालीवाल कोषाध्यक्ष, श्याम पालीवाल व्यवस्थापक नियुक्त किया गया। इसके अलावा समाज के विकास, संगठन विस्तार एवं सामाजिक गतिविधियों को गति देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वही आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्ष किया गया। बैठक में धनजी पालीवाल,शैलेन्द्र पालीवाल, पुरूषोत्तम पालीवाल, पंकज पालीलवाल सहित बडी संख्या में महिला और पुरूष उपस्थित थे। अंत में सभी सदस्यों ने समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

सागर पेशा में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

छिंदवाड़ा। सागर पेशा क्षेत्र में प्रेरणा नगर विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वाधान में एक सराहनीय सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद नागरिकों को राशन किट वितरण किया गया एवं जीरो बेस्ड इवेंट के माध्यम से बिना किसी खर्च के समाज सेवा का संदेश दिया गया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। नागरिकों को स्वच्छता अपनाने एवं प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली की ओर प्रेरित किया गया।कार्यक्रम की व्यवस्थाएं अर्कान बहुउद्देशीय सेवा समिति के सहयोग से संपन्न हुईं।

जामसांवली धाम में रचेगा इतिहास

11 हजार श्रद्धालुओं के साथ सामूहिक सुंदरकांड, विश्वविख्यात रसराज महाराज की वाणी गूंजेगी

नवभारत न्यूज़
सौंसर 18 मार्च. हनुमान भक्ति की दिव्य धारा और आध्यात्मिक ऊर्जा का विराट संगम आगामी 31 मार्च को चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर, जामसांवली धाम (हनुमान लोक) में साकार होने जा रहा है। इस आयोजन में रसराज महाराज की अमृतमयी वाणी में 11 हजार श्रद्धालु एक साथ सामूहिक सुंदरकांड पाठ करेंगे। शाम 7:30 बजे से प्रारंभ होने वाला यह कार्यक्रम न केवल क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश और देश में भक्ति का केंद्र बनेगा, वहीं इसका लाइव प्रसारण भी किया जाएगा ताकि दूर-दराज के श्रद्धालु भी इस पुण्य अवसर से जुड़ सकें।

विश्वभर में गूंज रही रसराज महाराज की भक्ति
हनुमान भक्ति के प्रखर प्रवक्ता श्री रसराज जी महाराज आज केवल देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। मार्च माह में उन्होंने दुबई, आयरलैंड सहित कई देशों में सुंदरकांड पाठ कर भारतीय संस्कृति, रामभक्ति और हनुमान उपासना का संदेश विश्वभर में पहुंचाया है।

जामसांवली में बनेगा ऐतिहासिक विश्व कीर्तिमान
जामसांवली धाम में होने वाला यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक विश्व कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 11 हजार श्रद्धालुओं द्वारा एक साथ सुंदरकांड पाठ का यह अद्वितीय दृश्य एशिया बुक ऑफ इंडिया एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने की तैयारी में है। यह उपलब्धि जामसांवली धाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी और मंदिर का नाम विश्व पटल पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित करेगी।

ई-टिकट बुकिंग में उमड़ा जनसैलाब
इस भव्य आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे पंजीयन में अब तक 6 हजार से अधिक श्रद्धालु ऑनलाइन ई-टिकट बुक कर चुके हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आयोजन के प्रति लोगों में कितनी गहरी आस्था और उत्सुकता है। बड़ी संख्या में आसपास के जिलों सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है, जिससे जामसांवली धाम एक विशाल धार्मिक संगम स्थल के रूप में परिवर्तित होगा।

श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील
जामसांवली हनुमान मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन सुंदरकांड पाठ में सहभागिता करें और भगवान हनुमान जी की कृपा प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भक्ति, एकता और सांस्कृतिक चेतना का महापर्व है, जिसमें हर श्रद्धालु की भागीदारी इसे और भी दिव्य बनाएगी।

स्वच्छता में जिले को अग्रणी बनाने की दिशा में कलेक्टर की पहल

स्वच्छ सर्वेक्षण की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा दिए निर्देश

नव भारत न्यूज
पांढुरना,18 मार्च, कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में नगरीय निकायों में संचालित स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।
बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों—आवासीय, व्यावसायिक,

सार्वजनिक एवं पर्यटन स्थलों, पार्क एवं गार्डन तथा फूड जोन—में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शहर में पर्याप्त संख्या में स्टोरेज बिन उपलब्ध कराने एवं स्वच्छता मानकों के अनुरूप कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया।
उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नालियों एवं बरसाती जल निकासी तंत्र की समयपूर्व सफाई सुनिश्चित करने तथा ठोस अपशिष्ट एवं मलबे से नालियों को मुक्त रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूत करने तथा स्वच्छ जल संरचनाओं के निर्माण एवं संरक्षण पर भी विशेष बल दिया गया।
बैठक में नगर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं सजावट कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान प्रमुख स्थलों एवं एमपीएल ग्राउंड को चिन्हित कर उनके सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही झुग्गी-बस्तियों एवं छोटी बस्तियों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश भी प्रदान किए गए।
कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर की नदियों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए सरपा नदी सहित अन्य जल स्रोतों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त स्कूल परिसरों, बस्तियों एवं नदी तटों की स्वच्छता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया।
बैठक में कचरा संग्रहण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से गीले एवं सूखे कचरे का पृथक संग्रहण सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए।
बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, एसडीएम सौंसर सिद्धार्थ पटेल, पांढुरना नगर पालिका अधिकारी राजकुमार इवनाती,सीएमओ सौंसर मौसम पालेवर, सीएमओ मोहगांव राजाराम वराठे, सीएमओ लोधीखेड़ा शिव कुमार बघेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।